IJCRT.ORG ISSN : 2320-2882

INTERNATIONAL JOURNAL OF CREATIVE RESEARCH THOUGHTS (IJCRT)

An International Open Access, Peer-reviewed, Refereed Journal

भारत–नेपाल संबंधों पर चीन का प्रभाव

नवीन कुमार
शोधार्थी
राजनीति विज्ञान विभाग
महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक

शोध सार :–
भारत–चीन एशिया की दो महाशक्ति हैं, दोनों ही देश विभिन्न विवादों से घिरे होने के बाद भी आर्थिक, सामाजिक, पर्यावरणीय मंच पर साथ कार्य करते हैं। दोनों देशों की समस्याओं को अल्पावधि में हल किया जाना कठिन है लेकिन मौजूदा रणनीतिक अंतर को न्यूनतम करने, मतभेदों को कम करने और पथास्थिति बनाए रखने जैसे उपायों से समय के साथ आपसी संबंधों को बेहतर बनाया जा सकता है। दोनों ही एशिया महाद्वीप के प्राचीन सभ्यता वाले विकासशील पडोसी देश है। दोनों देश क्रमशः दक्षिण एवं पूर्वी एशिया में स्थित है एवं दोनो राष्ट्र विश्व की आबादी का 38ः भाग संजोए हुए है। भौगोलिक दृष्टि से भारत के उत्तर में नेपाल, भूटान एवं पूर्व म्यांम्मार व बांग्लादेश स्थित है वंहीं चीन के दक्षिण में भारत, नेपाल, बर्मा व भूटान, बांग्लादेश स्थित है। भारत–चीन संबंधों की शुरूआत आज से 2000 साल पहले ही जब फाहयान, हेनसांग, इत्सिंग जैसे चीनी विद्वानों ने भारत की यात्रा की तथा बौद्ध दीक्षा लेकर चीन में बौद्ध धर्म का प्रचार किया। चीनी तीर्थ यात्री नालन्दा विश्वविधालय में बौद्ध अध्ययन के लिए जाते थे। दोनों देशों की एतिहासिक, सांस्कृतिक एवं व्यापारिक संबंधों की डोर 'सिल्क रोड' द्वारा बंधी थी।

मुख्य शब्दः भारत, नेपाल, चीन, सुरक्षा चुनौतियाँ, भ्रष्टाचार, विघटन।

भूमिकाः–

भारत के साथ–साथ चीन के लिए भी नेपाल रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। लेकिन नेपाल मे राजनीतिक उथल–पुथल को LAC पर भारत और चीन के बीच बढ़ते तनाव के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। नेपाल मे सतारूढ़ राजनीतिक दल के दो गुटों के बीच सत्ता के बंटवारे के मुद्दे पर संकट के कारण संसद का विघटन हुआ और लगभग एक साल पहले आम चुनाव हुए। ओली सरकार का पतन पार्टी के भीतर आंतरिक समस्याओं के कारण अधिक था, भले ही वह दूसरी बार चुने गए थे। नेपाली द्वारा ओली सरकार के खिलाफ नाराजगी के महत्वपूर्ण कारण भ्रष्टाचार और महामारी से निपटने के आरोप थे। इसके अलावा ओली सरकार नेपाल की रेल प्रणाली को चीन के साथ नहीं जोड़ सकी जो एक चुनावी वादा था। नेपाल में राजनीतिक संकट ऐसे समय में सामने आया है जब देश '' राजनीतिक और सुरक्षा चुनौतियों से गुजर रहा है और राजशाही की बहाली की मांग की जा रही है।

भारत–नेपाल और चीनः–

भारत और नेपाल के बीच व्यापक आर्थिक संबंध है। हालांकि 2015 के बाद से दोनों देशों के बीच संबंध बिगड़ रहे हैं। नेपाल में नए संविधान को अपनाने के बाद महीने भर की अनौपचारिक नाकाबंदी को उसके घरेलू मामलों में हस्तक्षेप के रूप में देखा जाता हैद्य। चीन ने नेपाली अर्थव्यवस्था को उदारता दिखाते काफी मात्रा में धन दिया है और वह नेपाल में एक साम्यवादी कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार स्थापित करना चाहता है। लेकिन वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रम चीन के नेपाल में अपने पांव जमाने के प्रयासों को आगे बढ़ाते हैं।

पांच भारतीय राज्यों (पूर्व, पश्चिम और दक्षिण में) ओर उत्तर में चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के साथ ऐतिहासिक रूप से भारत और नेपाल निकटता से जुड़े हुए थे। जो भारत की शांति और 1919 की मित्र–संधि द्वारा पुनः स्थापित हुए थे। वर्ष 2014 में नेपाल के साथ भारत के साथ संबंध कई द्विपक्षीय संस्थागत संवाद तंत्र और बढ़ती मानवीय सहायता के माध्यम से काफी सुगम थे। लेकिन 2015 में संविधान के अनुसार भारत–नेपाल संबंधों में समस्या पैदा हुई, जो सीमा पार व्यापार और उपभोक्ता वस्तुओं की भारी कमी के कारण समाप्त हो गई। यहां

तक कि भारत और नेपाल के मध्य आर्थिक संबंध भी संतोषजनक रहे हैं और भारत के अपनी अर्थव्यवस्था के कई प्रमुख क्षेत्रों में निवेश बढ़ाया है। नेपाल में भारत की तकनीकी और विकास सहायता में कई प्रकार के क्षेत्र शामिल है। हाल ही में भारत ने सीमावर्ती अवसंरचना के विकास में नेपाल की सहायता की है। जिसमें तराई क्षेत्र में सडक उन्नयन, प्रमुख क्षेत्रों में चौकियों के साथ रेल संपर्क शामिल है। संपर्क करने वाले लोगों को कई सांस्कृतिक ओर शैक्षिक परियोजना द्वारा बढ़ाया दिया गया है।

भारत ने उत्तराखंड के घोटाबगढ़ से भारत के पास लिपुलेख तक 80 किलोमीटर लंबी सड़क खोलि, जोकि नेपाल–चीन तिराहा जो वास्तविक नियंत्रण रेखा से 5 किलोमीटर छोटी है जिसके बाद नेपाली प्रतिनिधि सभा ने एक विधेयक पारित किया जिसमें नेपाल का एक नया नक्शा शामिल है। इस नए नक्शे में कालापानी लिम्पियाधुरा, और लिपुलेख के क्षेत्र में शामिल हैंद्य। भारत के नक्शें में ये क्षेत्र भी शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों में नेपाल के बुनियादी ढांचे के निर्माण के निर्माण के लिए उदार वितीय सहायता और समर्थन के बावजूद भारत की सहायताओं का त्याग किया है। चीन के समर्थन से नेपाली सरकार और अधिक मुखर हो गई है। ''नेपाल का दावा है कि नव–निर्मित सड़क उसके क्षेत्र को पीछे करती है। भारत, नेपाल को चीन के हालिया कदम के रूप में मानता है। सीमा विवाद में एक बड़ा विकास नेपाल में विवादित क्षेत्र में सशस्त्र पुलिस की तैनाती ओर लिपुलेख दर्रे से लगभग 18 किलोमीटर दूर एक चौकी स्थापित करना है। भारत का दावा है कि सड़क नदी के पश्चिम में बनाई गई हैं, जो भारतीय क्षेत्र है, वहीं दूसरी ओर नेपाल मानता हे कि भारत ओर चीन दोनों हिमालयी क्षेत्र में प्रभाव के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे है।

निष्कर्षः–

नेपाल ने जम्मू ओर कश्मीर ओर लद्दाख के पुनर्गठन के बाद भारत के नए राजनीतिक मानचित्र के प्रकाशन के बाद नक्शा प्रकाशित किया है, जो दर्शाता है कि कालापानी का उत्तराखंड भारतीय राज्य के हिस्से के रूप में है। लिपुलेख दर्रा, भारत चीन त्रिजंक्शन और महाकाली नदी का स्त्रोत, ये भारत ओर नेपाल के बीच क्षेत्रीय विवाद स्थान से संबंधित हे। नेपाल का दावा हे कि महाकाली नदी का स्त्रोत लंपिया धूरा हैं, जिसमें नेपाली क्षेत्र में कालापानी ओर लिपुलेख शामिल है। 13 लेकिन भारत का दावा है कि नदी के प्रवाह पर 35 वर्ग किलोमीटर कालापानी का क्षेत्र है। ये क्षेत्रीय मुद्दा भारत और नेपाल के बीच असहमति की श्रृंखला में एक है। इसकी रणनीतिक स्थिति ने भारत को भारी निवेश के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए मजबूर किया है। लेकिन चीन ने नेपाल को अपने प्रभाव क्षेत्र में खींचने का प्रयास किया है।

संदर्भ सूची

1. पांडा, स्नेहलता, '' भारत और नेपाल, चीन, भूटान, ''वर्ल्ड फोकस, मई 2021, पृष्ठ संख्या–10
2. शुक्ल, कृष्णानंद, ''भारत–नेपाल संबंध'', अंकित पब्लिकेशन्स, दिल्ली, 2018.
3. कुमार, सतीश, '' भारत का पड़ोसी राष्ट्रो के साथ संबंध,'' वर्ल्ड फोक्स, अप्रैल 2018, पृष्ठ संख्या–100.
4. मिश्र, अरूण, '' भारत–नेपाल संबंध के विविध आयाम,'' उदल पब्लिकेशन नई दिल्ली, 2020.
5. सिंह आभा, भारत–नेपाल संबंध एक राजनीतिक अध्ययन'' अंकित पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 2018.
6. चौधरी, स्वाती रंजन,'' भारत–नेपाल संबंध एक ऐतिहासिक सर्वेक्षण, अनामिका पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 2015.
7. त्रिपाठी, आशीषघर, '' भारत–नेपाल संबंध और दक्षेस एक विश्लेषणात्मक अध्ययन,'' द्य
8. सिंह, राम अयोध्या, '' संशक पड़ोसी भारत–नेपाल संबंध (त्रिभुवन से विरेन्द्र तक), '' मोखला प्रकाशन, दिल्ली, 2019.